दिनांकः 15.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- जैसलमेर में हुए बस अग्निकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हुई–झुलसे हुए 5 लोगों की हालत नाजुक।
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव कल जयपुर से उत्तर–पश्चिम रेलवे के 65 स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे।
- अंता उपचुनाव के लिए मतदान केन्द्रों को सुगम बनाने के निर्देश–दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को वोट डालने में प्राथमिकता दी जाएगी।
- पूर्व सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों ओर आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता को दोगुना वृद्धि को मंजूरी।

000

जैसलमेर में एक निजी बस अग्निकांड में मृतकों की संख्या 21 हो गई है। हादसे में झुलसे 10 साल के एक बालक ने सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महात्मा गांधी अस्पताल, जोधपुर के प्रशासन के अनुसार झुलसे हुए पांच लोगों की हालत नाजुक है। इस बीच, शवों की पहचान के लिए जोधपुर और जैसलमेर के अस्पताल में डीएनए सैंपल लिए जा रहे है। प्रशासन के अनुसार ज्यादातर मृतक जैसलमेर, जोधपुर तथा आसपास के जिलों के हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

---------------

इस बीच, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज जोधपुर में महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचकर घायलों के उपचार के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद मीडिया से बातचीत में श्री दिलावर ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। जांच के तथ्य सामने आने के बाद इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जाएंगे।

हादसे में मृतक के भाई ने बस मालिक और ड्राइवर के खिलाफ जैसलमेर के सदर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। गौरतलब है कि कल दोपहर जैसलमेर से जोधपुर की तरफ जा रही एक निजी बस में एसी में शॉर्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई थी, हादसे में 19 लोगों की जलकर मौके पर ही मृत्यु हो गई।

000

केन्द्रीय रेलवे, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव एक दिन के दौरे पर कल जयपुर आ रहे हैं। वे खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर जयपुर–अहमदाबाद असारवा ट्रेन में एसी श्रेणी के यात्रियों के लिए लिनेन कंबल कवर की नई व्यवस्था का शुभारंभ करेंगे। साथ ही उत्तर–पश्चिम रेलवे के 65 छोटे और मध्यम स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। केन्द्रीय मंत्री कुछ अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के अलावा अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आत्मनिर्भर भारत अभियान में भी भाग लेंगे।

000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16वीं अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह एशिया की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रेल प्रदर्शनी है। इसमें 15 से अधिक देशों के चार सौ पचास से ज्यादा प्रदर्शक आधुनिक रेल और मेट्रो उत्पाद, प्रदर्शित कर रहे हैं। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने बताया कि इसे आधुनिक बनाने के लिए रेलवे फिलहाल हर वर्ष दो लाख 56 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस अवधि के दौरान लगभग 35 हजार किलोमीटर के ट्रैक बनाए गए और 46

हजार किलोमीटर के रेल ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया। उन्होंने कहा कि रेलवे एक प्रमुख निर्यात केन्द्र के रूप में भी उभर रहा है और हाल ही में भारत में निर्मित इंजन को अफ्रीका को निर्यात किया गया।

000

पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को आज उनकी जयंती पर याद किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया संदेश में उपराष्ट्रपति ने डॉ. कलाम को दूरदर्शी वैज्ञानिक, प्रेरणादायक नेता और एक सच्चा देशभक्त बताया। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि रक्षा, विज्ञान और युवा सशक्तिकरण में उनके अथक प्रयासों ने भारत के आत्मनिर्भरता के मार्ग को सुदृढ़ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. कलाम दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने युवाओं और समग्र राष्ट्र को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया।

-------------

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सभी मतदान केंद्र पूरी तरह से सुगम बनाए जाएंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया है कि सभी केंद्र ग्राउंड फ्लोर पर होंगे और वहां रैंप उपलब्ध होंगे। दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को वोट डालने में प्राथमिकता दी जाएगी।

दृष्टिहीन मतदाताओं के लिए, ब्रेल लक्षणों वाली सूचना पर्चियाँ जारी की जाएंगी और मतदान केंद्रों पर ब्रेल डमी बैलेट शीट उपलब्ध होगी, ताकि वे स्वतंत्र रूप से वोट डाल सकें। दिव्यांग मतदाताओं के लिए परिवहन सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिसके लिए उन्हें आयोग के सक्षम मॉड्यूल पर पंजीकरण करवाना होगा।

इस बीच, उपचुनाव के लिए आज दो नामांकन पत्र और भरे गये हैं। कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया ने आज दोबारा से अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले हुई नामांकन रैली में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के अंतर्गत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में सौ प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। गरीबी अनुदान को प्रति लाभार्थी चार हज़ार रुपये से दोगुना करके आठ हज़ार रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इससे 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध और गैर–पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है, को आजीवन नियमित सहायता मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि दो आश्रित बच्चों तक के लिए शिक्षा अनुदान को एक हज़ार रुपये से बढ़ाकर दो हज़ार रुपये प्रति माह प्रति व्यक्ति कर दिया गया है। विवाह अनुदान भी प्रति लाभार्थी 50 हज़ार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि संशोधित दरें इस वर्ष पहली नवंबर से प्रस्तुत आवेदनों पर लागू होंगी।

000

सिरोही जिले के पिंडवाड़ा में समावेशी आजीविका योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक समाराम गरासिया और जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने भी शिरकत की। इस अवसर पर, पिंडवाड़ा ब्लॉक के विभिन्न गाँवों की एक हज़ार महिला प्रधान परिवारों को उपभोग सहयोग राशि के रूप में 5 हजार 912 रुपये सीधे महिलाओं के बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए। गौरतलब है कि समावेशी आजीविका योजना राजस्थान के तीन जिलों के चार ब्लॉक्स में चलाई जा रही है। इसमें सिरोही जिले का पिंडवाड़ा ब्लॉक भी शामिल है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

000

आज, संयुक्त राष्ट्र ग्रामीण महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर डीग की उन ग्रामीण महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किये, जिन्होंने राजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपनी और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की है। जिले में अब तक 19 हजार 744 लखपति दीदी बन चुकी हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से ऊपर है। महिलाओं ने बताया

कि लखपति दीदी योजना और स्वयं सहायता समूह से जुड़ने पर उन्हें स्वरोजगार के लिए सस्ते ऋण उपलब्ध हुए हैं।

--------------

अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर जालौर जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना पर संस्थागत प्रशिक्षण आयेजित किया गया। इसमें 32 महिलाओं ने भाग लिया।

000

कोटपूतली–बहरोड़ में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से आज राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम और पोषण मेले का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने इस मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि पोषण माह मनाने का उद्देश्य पोषण को जनआंदोलन बनाना है।

--------------

000

प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आज सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने पालड़ी मीणा में एक कारखाने से सौ किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। पहले भी इस कारखाने पर कार्यवाही में लिए गये नमूने अमानक पाए गये थे। परिसर में गंदगी और अनहाइजेनिक तरीके से पनीर तैयार किया जा रहा था। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इस कारखाने से पनीर निर्माण पर अग्रिम आदेशों तक पाबंदी लगा दी गई है।

000